


# शहर के बाजार से हटाया अतिक्रमण

**खास बातें**
- नवभारत की खबर के बाद नपा ने चलाया अभियान
- कई इलाकों में पसरा है अतिक्रमण, शहर में लग रहा है जाम




नवभारत न्यूज

**विदिशा 17 सितम्बर, शहर के लिए नासूर बन चुका अतिक्रमण कम होने का नाम नहीं ले रहा है. शहर के मुख्य बाजार में हुए अतिक्रमण के चलते हालात बेहद खराब हो चले है. शहरवासियों की इसी परेशानियों को देखते हुए नवभारत ने अतिक्रमण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद हरकत में आई नगर पालिका ने बुधवार को शहर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई. इस मुहिम के दौरान शहर के मुख्य बाजार मे दुकानों के आगे दुकानदारों ने अपनी दुकानों का जो सामान सड़कों पर रखा था. उसक हटाने की कार्यवाही की गई. कुछ दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया. साथ ही कई दुकानदारों को हिदायत भी दी गई कि दुकान का सामना सड़कों पर न रखें.**

बताया गया कि बुधवार को शहर में मेन रोड पर चलाई गई अतिक्रमण विरोधी मुहिम की जानकारी लगने पर कुछ दुकानदारों ने खुद ही अपना अतिक्रमण हटाया लिया. वहीं कुछ व्यापारियों ने कहा कि अब आगे से अतिक्रमण नहीं करेगें.दरअसल दुकानों के आगे अतिक्रमण करने और सड़क पर ही वाहन पार्क करने से शहर में कई इलाकों में खास तौर पर मेन रोड पर जाम के हालात रोजाना बनते हैं.

# शराब पीने के लिए बेटा बेच रहा घर का सामान

**परिवारिक विवादों को सुलझाने हुई पुलिस पंचायत**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 17 सितम्बर, वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की शुरूआत की गई थी जिसमें बुधवार को भी कई बुजुर्गों ने अपनी परेशानी पुलिस अधिकारियों से साझा की.**

पुलिस इस दौरान कई प्रकरणों का निपटारा किया. पुलिस पंचायत में पहुंचे 73 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक ने शिकायत की कि उन्होंने 17 माह तक एक व्यावसायिक संस्थान में कार्य किया, जिसका पारिश्रमिक नहीं मिला. दोनों पक्षों की सुनवाई उपरांत 15 दिन में राशि भुगतान पर सहमति बनी. वहीं रिटायर्ड बुजुर्ग दंपत्ति ने अपने बेटे पर शराब पीकर गाली-गलौज व विवाद करने की शिकायत की. पंचायत में बेटे ने शपथ ली कि अब न तो शराब पिएगा और न ही विवाद करेगा. इसी तरह गंजबासौदा निवासी वृद्ध ने बताया कि उनका बेटा गलत आदतों में पड़कर घर का सामान और रोजगार हेतु दिया गया ऑटो रिक्शा बेच चुका है. पुलिस ने तत्काल स्पॉट कार्रवाई के निर्देश दिए. वहीं 73 वर्षीय नागरिक ने बताया कि उनकी पत्नी और दोनों बेटे उन्हें छोड़कर चले गए हैं तथा वे भरण-पोषण के लिए परेशान हैं. इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में बेटे द्वारा घर का सामान बेचने की शिकायत पर आगामी तिथि में सुनवाई तय की गई. पुलिस पंचायत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के नेतृत्व में, कोर कमेटी सदस्य सचिन गर्ग, आरके कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, दिनेश वाजपेयी, अजय टंडन एवं विनोद शाह मौजूद रहे.

## गौ हत्या के मामले को लेकर ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** बुधवार को समस्त हिंदू समाज संगठन के लोग बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन दिया गया. इस दौरान उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सिरोंज तहसील के ग्राम रूसल्ली हॉट में एक गाय की हत्या का मामला सामने आया था.इस मामले में जांच कर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है. पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन दिया गया। इस दौरान अशोक, सुंदर सिंह, प्रदीप, राहुल, चरण सिंह, सीताराम, सुरेंद्र सिंह आदि ने बताया कि रविवार को सिरोंज तहसील के थाना दीपनाखेड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम रुसल्ली हॉट निवासी इरफान शाह, साजिद खान, इकरार खान, समद खान, फैजान खान, राजा शाह द्वारा एक गाय की हत्या की गई थी. उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा इन लोगों को आरोपी बनाया गया है. उन्होंने कहा कि जबकि इस मामले में पांच और अन्य आरोपी थे, जिनको पुलिस द्वारा आरोपी नहीं बनाया गया है. उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि इस मामले की गंभीरता से जांच कराई जाए और जो भी इस मामले में दोषी है उन पर कठोर कार्रवाई की जाए. इस दौरान बड़ी संख्या में समस्त हिंदू समाज के लोग मौजूद थे.



# विदिशा में बीपीएड संघ ने स्कूल शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** बीपीएड संघ के बैनर तले बुधवार को स्कूल शिक्षा मंत्री उदय राव प्रताप को रविन्द्र भवन में ज्ञापन दिया. जिसमें वर्ष 2024 की माध्यमिक एवं प्राथमिक खेल शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि कर परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग की गई. प्रदेश संगठन मंत्री पंकज भार्गव ने कहा गया कि प्रदेश में वर्ष 2006 से अब तक शारीरिक शिक्षा विषय के लिए सीधी भर्ती नहीं हुई है. लगभग 18 वर्षों से अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं. इस दौरान कई अभ्यर्थियों की आयु 40 वर्ष से अधिक हो चुकी है और वे अवसर से वंचित हो रहे हैं. राज्य में माध्यमिक खेल शिक्षक के 507 एवं प्राथमिक खेल शिक्षक के 1087 पद रिक्त हैं, वहीं जनजातीय कार्य विभाग में भी 1048 पद माध्यमिक खेल शिक्षक और 2305 पद प्राथमिक खेल शिक्षक के रिक्त हैं.

# पकौड़े तलकर मनाया बेरोजगार दिवस

**शहर में किया कांग्रेस ने प्रदर्शन**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विदिशा में कांग्रेस ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर अनोखा विरोध दर्ज कराया. माधवगंज पर कांग्रेस ने बेरोजगार दिवस रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं ने पकौड़े तलकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए.**

कांग्रेस के युवा नेता संतोष कुशवाहा की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए और अपनी प्रतिक्रियाएं दीं. कार्यक्रम का मुख्य संदेश था कि पढ़े-लिखे नौजवान नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं और उन्हें मजबूर होकर छोटे-मोटे काम करने पड़ रहे हैं. संतोष कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि हर वर्ष 2 करोड़ नौकरियां दी जाएंगी, लेकिन हकीकत में हर साल 2 करोड़ लोग बेरोजगार हो रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि 10 साल में देश में 22 करोड़ लोग बेरोजगार हो चुके हैं.कांग्रेस पार्टी का मानना है कि रोजगार हर युवा का हक है और सरकार को अपने वादों पर जवाबदेह होना चाहिए. कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, प्रियंका किरार, अरुण अवस्थी,अर्पित उपाध्याय, रवि साहू, राजकुमार पासी, आशीष माहेश्वरी, विनीत दांगी, सुशील शर्मा समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे.

# ऑफिस की खिड़की पर बैठे सांप ने डसा, कराया भर्ती

**ग्यारसपुर जनपद उपाध्यक्ष को सांप ने डसा, चल रहा इलाज**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** बुधवार को ग्यारसपुर जनपद उपाध्यक्ष को हाथ में सांप ने काट लिया.उन्हें तुरंत ही जनपद पंचायत सीईओ ग्यारसपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां से उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है.बुधवार को ग्यारसपुर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा जनपद कार्यालय अपने कक्ष में पहुंची. इस दौरान उन्होंने अपने कक्ष की खिड़की खोली तो खिड़की में पहले से ही एक सांप बैठा हुआ था. खिड़की जैसे ही खोली सांप द्वारा उनके हाथ में काट लिया गया. इसके बाद जैसे ही उन्होंने सांप को देखा तो तुरंत अधिकारी कर्मचारियों को इस मामले की जानकारी दी और जनपद सीईओ अपनी गाड़ी से उन्हें तुरंत ही अस्पताल लेकर पहुंचे और यहां पर उनका उपचार किया गया. इसके बाद उन्हें लेकर जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया.जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा की हालत में काफी सुधार है.

# सफाई और पौधा रोपकर मनाया जन्मदिन



नवभारत न्यूज

**विदिश,** पीएम नरेंद्र मोदी केजन्मदिन के मौके पर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया. जिसमें श्री बाढ़ वाले गणेश मंदिर वाले बेतवा नदी के घाट और किनारों पर विधायक मुकेश टंडन ने वच्छता अभियान चलाया एवं पार्क में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा लगाया.वहीं आडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय उदय प्रताप सिंह, विधायक मुकेश टंडन के साथ दुर्गा नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, बेस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, वेत्रवती नगर मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, ढोलखेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे, मनोज पंजवानी शामिल हुए.

### संजीवनी गाड़ी को दिखाई हरी झंडी

सिनर्जी संस्थान के द्वारा और एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से विदिशा जिले के गंजबासोदा ब्लॉक में संज़ीवनी क्लिनिक ऑन की शुरूआत की गई जिसे विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, सीएमएचओ डॉ रामरहित कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.गंजबासोदा ब्लॉक के 20 गांवों में संजीवनी मोबाइल क्लिनिक की सेवाएं प्रदान की जाएंगी.

## दो घंटे की बारिश से शहर हुआ पानी-पानी

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** कुछ दिनों से मौसम बदला हुआ है. यही वजह है कि दो तीन दिनों से आधा दिन गुजर जाने के बाद अचानक मौसम में परिवर्तन होता है और देखते ही देखते बारिश का दौर शुरु हो जाता है. बुधवार को भी शाम 5 बजे के लगभग तेज बारिश का दौर शुरु हुआ,जो देर रात तक जारी रहा. इस बारिश से शहर की अधिकांश निचली बस्ती की गलियों में, मुख्य बाजार नीमताल,पुरानी अस्पताल, दुर्गा नगर सहित अन्य क्षेत्रों में तेज बारिश से जल भराब की स्थिति बन गई. बारिश के दौरान सड़क के किनारे लगी स्ट्रीट लाईट बंद रही. जिससे कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.तेज गरज चमक के साथ काफी देर तक झमाझम बारिश हुई.

# भारतीय परिदृश्य महिलाओं की भूमिका पर हुई प्रबुद्ध महिला गोष्ठी

नवभारत न्यूज

**विदिशा, राष्ट्र सेविका समिति विदिशा अनुसुइया आयाम के अंतर्गत एसएटीआई स्मार्ट क्लास सभागार में वर्तमान भारतीय परिदृश्य में हम महिलाओं की भूमिका विषय पर प्रबुद्ध महिला गोष्ठी का आयोजन किया गया.**कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो पी शशिकला, कुलसचिव माखन लाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय ने बताया कि भारतीय महिलाएं विश्व की जनसंख्या का दशांश और भारत की आधी आबादी हैं इसलिए उनका प्रत्येक कदम एक दिशा देने वाला होना चाहिए. कार्यक्रम के आरंभ में श्रीमती रश्मि ताम्रकार द्वारा अनुसुइया आयाम के कार्यो व गोष्ठी की भूमिका रखी विषय वक्तव्य श्रीमती शशि अग्रवाल, श्रीमती कंचन शर्मा, श्रीमती अम्बिका कुमार जी के साथ मुख्य वक्ता डॉ पिंकेश लता रघुवंशी विभाग कार्यवाहिका विदिशा ने बताया कि वर्तमान समय में जब भारत विश्व में नेतृत्व देने को है उस समय भारत को गति और दिशा देने का कार्य हम महिलाओं के हाथों में है जिसे हम अपने परिवार की कुटुंब व्यवस्था, पर्यावरण सरंक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन और अपने स्व बोध को विकसित करते हुए अपनी भाषा, भूषा, भजन, भ्रमण, भवन के प्रति स्वाभिमान का भाव जागृत करें. आभार अनुसुइया आयाम की अध्यक्ष श्रीमती रेणु माहेश्वरी ने तथा कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीता सोनी ने किया.

## 17 बालक 9 बालिकाओं ने रोपे 25 पौधे 75 पौधे

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा** , महारानी अवंतीतीबाई लोधी योग मैदान मे बुधवार को सेवा पखवाडा का शुभारंभ योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी , समाजसेवी कुंती देवी , चतर सिंह लोधी के द्वारा किया गया. इस अभियान का उददेश्य जनभागीदरी, स्वच्छता, सेवा और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना है.नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है।इस पखवाडा के अंतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबरतक विकसित भारत थीम पर चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठियों का आयोजन करवाया जाएगा तथा साफ-सफाई करवाई जाएगी.आज इस अभियान अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम एवं एक बगिया मां के नाम अतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.

# एक परिवार को झांकी पर एतराज, एसपी ने कहा झांकी लगाएं

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** बुधवार को रॉयल सिटी महिला संघर्ष समिति के सदस्य बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर-एसपी के नाम ज्ञापन दिया. महिलाओं ने बताया कि कॉलोनी में पिछले 15 वर्षों से लगातार झांकी लगाते आ रहे हैं इस वर्ष भी झांकी लगाने की तैयारी की जा रही है, लेकिन कॉलोनी में रहने वाले एक परिवार के लोग झांकी लगाने पर आत्मदाह करने की चेतावनी दे रहे हैं.उन्होंने पुलिस अधीक्षक से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है. बताया कि कॉलोनी के गार्डन में पिछले 15 वर्षों से लगातार दुर्गा प्रतिमा की झांकी लगाते आ रहे हैं.इस वर्ष भी झांकी लगाने की तैयारी की जा रही है.कॉलोनी निवासी सोनू वर्मा द्वारा झांकी लगाने से मना किया जा रहा है और सभी को धमकी दी जा रही है कि अगर दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई तो वह पूरे परिवार के साथ आत्मदाह कर लेंगे. वहीं एसपी रोहित काशवानी ने सभी को आश्वासन दिया है कि आप लोग मां दुर्गा की झांकी लगाने की तैयारी करें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी. प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी झांकी लगाई जाए. इस मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी.

# मार्केटिंग सोसायटी किसानों के लिये उपयोगी- विधायक

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** मार्केटिंग सोसायटी की साधारण सभा में पहुंचे विधायक हरिसिह सप्रे ने किसानों एवं संस्था के सदस्यों से चर्चा की, उनके द्वारा किसानों की उपज का उचित प्रदान करने में मार्केटिंग सोसायटी संस्था की सराहना की गई. साथ ही कहा कि किसानों के लिए मण्डी में उपज विक्रय करते समय मार्केटिंग सोसायटी संस्था उपयोगी सिद्ध होती है. बार्षिक साधारण सभा की बैठक में मैनेजर इन्द्राजसिंह ठाकुर के द्वारा संस्था के लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया, साथ ही बताया कि संस्था विगत 29 बर्षो से लगातार शुद्ध लाभ अर्जित करती आ रही है. बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष हरिसिंह चैहान के द्वारा की गई. उन्होंने कहा कि संस्था के प्रति समर्पित भाव से संस्था की उन्नति होती है, कुरवाई में संचालित मार्केटिंग सोसायटी संस्था विदिशा जिले ठीक ढंग से संचालित हो रही.

# एनीमेटेड प्रतिमाएं नहीं बनाने के लिए मूर्तिकारों को कर रहे जागरूक

**गणेश उत्सव के दौरान बनाई गई थीं इस प्रकार की प्रतिमाएं**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, 22 सितंबर से नवरात्रि उत्सव शुरु होने जा रहा है. इस उत्सव को लेकर शहर में कई स्थानों पर प्रतिमा बनाने वाले कलाकार कई रूपों में प्रतिमाओं का आकार दे रहे हैं.इस दौरान एनीमेटेड मूर्ति का निर्माण नहीं किया जाए. इसको लेकर मूर्तिकारों को जागरूक किया जा रहा है. जिससे की हिंदू संगठनों और श्रृद्धालुओं की भावनाओं को किसी भी प्रकार ठेस नहीं पहुंचे.**

जिले में 22 सितंबर से नवदुर्गा शुरु होने जा रही है। इस पर्व को लेकर शहर में अलग- अलग कई स्थानों पर मूर्तिकारों के द्वारा झांकी समितियों के द्वारा कलाकारों को कई रूपों में प्रतिमाओं का आर्डर दिया है. जिससे की समय पर झांकी समितियों को उनके द्वारा बुक की गई प्रतिमा समय पर मिल सकें. हालांकि प्रशासन भी नव रात्रि को लेकर कई संगठनों से चर्चा कर चुका है।वहीं कुछ दिनों पहले कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इस पर्व को लेकर बैठक की थी. इस दौरान नदी के घाटों पर बिजली व्यावस्था,सड़क को ठीक किये जाने सहित सुरक्षा और अन्य बिन्दुओं पर निर्देश दिये थे.

### एनीमेटेड प्रतिमाएं नहीं बनाने कर रहे जागरूक

नवरात्रि को देखते हुए शहर में कलाकारों के द्वारा बनाई जा रही प्रतिमाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है. जिसमें लिखा है कि मूर्ति निर्माता से आग्रह करना है कि गणेश जी की तरह एनीमेटेड एआई मूर्ति का निर्माण न करे. ताकि हमारे धर्म की अखंडता एवं मर्यादा बनी रहे.हमारी सनातन संस्कृति की छवि धूमिल ना हो. अगर आप इस प्रकार की मूर्ति निर्मित करते हैं ,तो इसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे.इसके लिए हम आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी कर सकते हैं. अगर कोई व्यक्ति आपसे इस प्रकार की मूर्ति बनवाने का आग्रह करता है ,तो आप उससे स्पष्ट मना करें कि हम सनातन संस्कृति के खिलाफ मूर्ति का निर्माण नहीं कर सकते. क्योंकि हमें हिंदू संगठनों ने इस प्रकार की मूर्ति निर्मित करने से सख्त मना किया है.हिन्दू धर्म की मर्यादा एवं अखंडता को बनाये रखने में हमारा सहयोग करें.

### झांकी पंडाल की सज्जा के लिए लें अस्थाई कनेक्शन

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे रामलीला, दर्गोत्सव, डांडिया एवं गरबा उत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाकियों में बिजली साज-सज्जा कंपनी से नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन आवश्यक रूप से लेकर ही करें. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नवरात्रि त्यौहार तथा गरबा पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए प्रबंध किए हैं.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से

**त्योहार** प्रतिमाओं पर इस बार महंगाई की मार, शहर में दर्जनों स्थानों पर लगेंगी झांकियां

# देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज में नवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न स्थानों पर जगत जननी माताजी की प्रतिमायें विराजित की जावेगी. नवरात्रि के दौरान शहर में दर्जनों स्थानों पर झांकियां लगाई जावेगी. इस हेतु नगर में देवी प्रतिमाओं के निर्माण में कलाकार दिनरात लगे हुए हैं. कलाकारों द्वारा प्रतिमाओं को आकर्षक रूप से सजाकर अंतिम रूप दिया जा रहा हैं. वही इस बार प्रतिमाओं पर भी महंगाई का असर दिखाई दे रहा है. प्रतिमाओं के निर्माण में लगने वाले सामानों के दामों में बढ़ोत्तरी दिख रही है.

नगर के कलाकार हरिशंकर प्रजापति बताते हैं कि इस बार प्रतिमाओं के निर्माण में लगने वाली मिट्टी, लोहा से लेकर अन्य सामान के दामों में वृद्धि हुई है. वहीं मौसम के कारण प्रतिमाओं को सुखाने में मशक्कत करना पड़ रही है. उन्होंने बताया कि शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों स्थानों पर जगत जननी माताजी की प्रतिमायें विराजित की जाती है. वही उनके द्वारा विभिन्न ऊंचाई की देवी प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि लोगों की मांग अनुसार बड़ी प्रतिमाओं का भी निर्माण किया जाता है.